देश में खाद्यान्नों की मांग

292. श्री रणजीत सिंह :
डा० जिनेन्द्र कुमार जैन :

क्या खाद्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार द्वारा वर्ष 1992-93 के दौरान देश में खाद्यान्नों की मांग के बारे में कोई आकलन किया गया है ;

(ख) यदि हां, तो इस मांग की पूर्ति के लिए गेहूं, चावल, दालों और मोटे अनाजों की क्रमश: कितनी-कितनी मात्रा में आवश्यकता होगी ;

(ग) मई, 1992 के अंत में देश के सुरक्षित भंडार में खाद्यान्नों की मात्रा कितनी थी और सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से उपभोक्ताओं को वितरित किए जाने वाले खाद्यान्न की अनुमानित मांग कितनी है; और

(घ) इस मांग को पूरा करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं ?

खाद्य मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री तरुण गोगोई) : (क) और (ख) चूंकि मांग जनसंख्या में वृद्धि, शहरीकरण की रफ्तार, आय स्तर, वैकल्पिक खाद्य पदार्थों के मूल्यों आदि जैसे विभिन्न तथ्यों पर निर्भर करती है, इसलिए देश में खाद्यान्नों की आवश्यकता के ठीक-ठीक अनुमान उपलब्ध नहीं हैं ।

(ग) केन्द्रीय पूल में पहली जून, 1992 को 15.3 मिलियन मीटरी टन खाद्यान्नों (चावल और गेहूं) का अनुमानित स्टाक था। वर्ष 1991-92 में चावल और गेहूं के उठान के आधार पर गेहूं और चावल की वार्षिक आवश्यकता लगभग 19 मिलियन मीटरी टन बैठती है ।

(घ) सरकार केन्द्रीय पूल में चावल और गेहूं के स्टाक की स्थिति की समय-समय पर समीक्षा करती रहती है और जब कभी घरेलू आपूर्तियों के जरिये सार्वजनिक वितरण प्रणाली की आवश्यकताओं को पूरा नहीं किया जा सकता है तब आयात का सहारा लेना पड़ता है ।

Import of Wheat

293. SHRI SURESH KALMADI:
SHRI SHIV PRATAP MISHRA:
SHRI YASHWANT SINHA:
SHRI DAYANAND SAHAY:

Will the. Minister of FOOD be pleased to state

(a) whether it is a fact that in the wake of dismal performance on the procurement front, Government have initiated steps to import wheat;

(b) whether it is also a fact that an official team has left for Europe to make inquiries regarding wheat availability and prices in the world market;

(c) if so, the details in this regard;

(d) whether it is a fact that Government have finalised a deal to import one million tonnes of wheat from Canada;

(e) if so, the price at which the deal has been finalised and the terms of payment; and

(f) the details of procurement and market prices of comparable quality • of wheat in the Indian Market?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF FOOD (SHRI TARUN GOGOI): (a) to (e) The procurement of wheat is made on a voluntary basis purely as a price support measure, at prices fixed by the Government, to avoid distress Sale by the farmers. The procurement of wheat during 1992-93 marketing season (upto 30-6-1992) has been 6.4 million tonnes as against 7.7 million tonnes in 1991-92 marketing season. Government have since signed a contract with the Canadian Wheat Board for import of lt.09

lakh tonnes of wheat at an average price of US $ 147.78 PNT (FOB). The payment is to be made through irrevocable Letter of Credit.

No official team has left for Europe to make enquiries regarding wheat availability and prices in the world market. However, two officers of the Ministry of Food visited London from 22nd to 24th June, 1992 to attend the 117th Session of the International Wheat Council and Seminar on "Future of World Foodgrain Trade".

(f) Under the voluntary price support operations, Government purchases all varieties of wheat conforming to the prescribed standard on a uniform minimum support price. The support price for the current marketing season has been fixed by the Government at Rs. 2501 per qtl. Over and above, the Central Government have allowed a bonus of Rs. 251 - par qtl. in addition to a bonus of Rs. 5l- per qtl. being given by the major wheat growing States. The month end whole sale prices of some varieties of wheat at a few centres is as follows:

Centre/Variety	Price per qtl. at the end of June, 1992 (in Rs.)
Karnal (MEX. GR. I)	325
Amritsar (WL-711)	326
Moga (Kalyan Sona) .	315
Hapur(RR-21) .	345

उत्तर प्रदेश में पूर्ण साक्षरता

294. श्री ईश दत्त यादव : क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उत्तर प्रदेश में समग्र साक्षरता का लक्ष्य प्राप्त करने का कार्य संतोषजनक नहीं है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ;

(ग) गत तीन वर्षों के दौरान निर्धारित किए गए लक्ष्य का वर्षवार ब्यौरा क्या है और इस लक्ष्य को वर्षवार और जिलावार किस सीमा तक प्राप्त किया गया ; और

(घ) आगामी वर्ष में इस योजना के अन्तर्गत सरकार द्वारा क्या प्रयास किए जा रहे हैं ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में (शिक्षा विभाग में तथा संस्कृति विभाग) में उप-मंत्री (कुमारी शैलजा): (क) से (घ) उत्तर प्रदेश राज्य में अब तक पूर्ण साक्षरता अभियानों पर फतेहपुर, मेरठ

जिला	शामिल शिक्षुओं की संख्या (लाख में)	लक्ष्य आयु-वर्ग	प्रस्तावित समय अवधि	कुल बजट	केन्द्रीय भाग (लाख रुपए)
फतेहपुर	5.00	6–45	10/90–6/91	254.00	170.00
मेरठ	8.00	15–45	9/91–6/92	200.00	133.00
चमौली	1.50	9–45	9/91–12/92	97.90	65.26